## संयुक्त परिवार की प्रेरणा देने वाली फिल्म का प्रदर्शन 10 को

▶ मातृ दिवस पर सिंधी फिल्म के पीवीआर में होंगे नि:शुल्क तीन शो, शहर में बनाए गए 10 टिकट वितरण केंद्र




**उज्जैन।** मातृ दिवस के अवसर पर 10 मई को सकल सिंधी समाज उज्जैन द्वारा सिंधी भाषा, संस्कृति के विकास और संयुक्त परिवार में रहने की प्रेरणा देने वाली सामाजिक फिल्म शल याद रखऊं का नि:शुल्क प्रदर्शन किया जाएगा। संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में दीपक बेलानी एवं रमेश गजरानी ने बताया कि निर्माता-निर्देशक प्रेम सावलानी की यह फिल्म संयुक्त परिवार की एकजुटता एवं आत्मरक्षा के फायदों की प्रेरणा देती है।

फिल्म के तीन शो पीवीआर में दोपहर 3 बजे, शाम 6 बजे और रात 8.30 बजे से नि:शुल्क दिखाए जाएंगे। समाजजन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 6 मई से शहर के 10 निर्धारित केंद्रों से टिकट प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

**यहां से प्राप्त कर सकेंगे नि:शुल्क टिकट :** टिकट वितरण के लिए शहर में 10 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें डॉ. जितेंद्र जेठवानी इंदिरा नगर झूलेलाल मंदिर, दौलत खेमचंदानी संत लीला शाह स्कूल, मोहन वासवानी झूलेलाल मंदिर गीता कॉलोनी, जवाहर सनमुखानी विनायक ट्रेडर्स दौलतगंज, भानुशाली पंचायत सचिव होतचंद हसेठिया, राजकुमार परसवानी पूजा क्लॉथ सेंटर, गोपाल बलवानी गोपाल डेयरी, किशोर मुलानी कृष गिफ्ट्स, दीपक बेलानी ओंकार प्रॉपर्टी दो तालाब के पास और विनोद मुलानी पीवीआर टॉकीज वेद नगर शामिल हैं।

**व्यवस्थाओं के लिए समिति गठित, जातीय मतगणना पर हुई चर्चा:** कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, दीपक बेलानी, गोपाल बलवानी, राजकुमार परसवानी, लोकेश आडवाणी, पुष्पा कोटवानी, स्वाति गजरानी, रिंकू बेलानी, नेहा मोटवानी और विनोद लुल्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में डॉ. सुनील खत्री ने आगामी समय में होने वाली जातीय मतगणना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मोहनलाल वासवानी, डॉ. सुनील खत्री, जवाहर सनमुखानी, किशोर मुलानी, विनोद मुलानी, तुलसी राजवानी, संजय लालवानी, विनोद लुल्ला, राजू राजवानी, शंकर नागदेवानी, काजल एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने सपरिवार पधारकर इस फिल्म को देखने का आव्हान किया है।

## नपा अधिकारी ने किया प्रगणक का सम्मान



**महिदपुर।** जनगणना 2027 अंतर्गत महिदपुर शहर में ब्लॉक क्रमांक 36 जिसमें वार्ड क्रमांक 15 स्थित कितने वकील एवं बस स्टैंड क्षेत्र की मकान सूचीकरण का कार्य प्रगणक इरफान मोहम्मद द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

ब्लॉक में 164 जनगणना भवन एवं 296 जनगणना मकान हैं। इनके द्वारा सतत कार्य करने से मकान सूचीकरण महिदपुर का कार्य समय से पूर्ण करने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनगणना लिपिक दिलीप कालरा, जनगणना नोडल अधिकारी नवीन मिश्रा, यश ठाकुर, गोरेलाल मालवीय, सुपरवाइजर स्वास्तिक ठाकुर, वार्ड 14 के पार्षद बाबा नागौरी एवं पूर्व पार्षद इरफान नागौरी, विजय पंडिया के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं मुख्य नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की थी कि जनगणना में सहयोग कर इसे सफल बनाएं।

## एक नजर में

### संस्था अखंड संडे की अमृतांजलि काव्यगोष्ठी



**इंदौर.** संस्था अखंड संडे की 1522 वीं श्रृंखला अमृतांजलि काव्यगोष्ठी विश्राम बाग में आयोजित की गई. इस बार हास्य दिवस होने से जहाँ हँसी-ख़ुशी, ठहाकों का दौर चला वहीं जबलपुर के पास बरगी बांध में हुए हादसे के कारण कवि मन व्यथित भी था. मुकेश इंदौरी ने मार्मिक गजल पढ़ी- मां ने बेटे को सीने से लगाए रखा, हर खौफ से उसको यूँ बचाए रखा, उठती हुई लहरों के बीच भी मां ने, हिम्मत का दीपक जलाए रखा, वो डूब गए मगर ये सच रह गया, मां ने प्यार को अमर बनाए रखा. नलिन खंडेलवाल ने बदलते परिवेश पर गजल पढ़ी- आधुनिकता का इतना हुआ असर, चिट्ठियाँ भी अब नहीं आती हैं घर, गांव की चौपाल भी गुम हो गई, प्रेम से होते थे जहाँ हम तर बतर. सुरेन्द्र व्यास ने- हँसा रहा था उम्र भर वो मिलने जुलने वालों को, गया जहान छोड़कर सभी को वो रुला गया. नयन राठी ने जो हँसते मुस्कुराते वो जीवन पाते, अपने जीवन को सफल वो बनाते सुनाई. श्याम बागौरा- जीवन एक कविता है, कविता में जीवन के हर रंग नजर आते हैं, सभी इसे गुनगुनाते हैं और हरमोहन नेमा ने हास्य दिवस पर बड़ा दुर्लभ मनुष्य का जीवन, हँसते रहो हायकु सुनाये. आर डी माहौर, व्रजेन्द्र नागर, अरविन्द आचार्य, दिलीप मांडलिक, रशीद अहमद शेख, पुनीत उत्पल, डॉ. शशि निगम, नवनीत जैन, डॉ. शशिकला अवस्थी आदि ने भी काव्य पाठ किया.

### वनबंधु परिषद इंदौर चैप्टर की वार्षिक साधारण सभा

**इंदौर.** वनबंधु परिषद इंदौर चैप्टर की वार्षिक साधारण सभा साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में उत्साह एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई जिसमें एकता, समर्पण एवं सेवा भावना के साथ परिषद और फ्रेंड्स ऑफ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) युवा इंदौर के प्रकल्पों को और अधिक रफ़्तार से आगे बढाने का संकल्प किया गया. यह पहला मौका था जब परिषद के सभी अंगों ने अपनी वार्षिक साधारण सभा को एकसाथ, एक मंच पर और एक ही स्थान पर आयोजित किया. राष्ट्रीय महिला समिति की अध्यक्ष विनिता जाजू, अध्यक्ष अखिलेश राठी, सचिव नवीन खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग, महिला समिति अध्यक्ष सीमा रणधर एवं सचिव मीना गर्ग, राष्ट्रीय समन्वयक रासु जैन, एफटीएस युवा इंदौर टीम की अध्यक्ष नीलम बाल्दी, सचिव दीपिका माहेश्वरी सहित परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों ने सभा के विशेष अतिथि राम अवतार जाजू एवं मनोहर बाहेती के साथ दीप प्रज्वलन कर सभा की शुरुआत की. सचिव नवीन खंडेलवाल ने वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तो कोषाध्यक्ष आयुष गर्ग ने वर्ष 2025-26 की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की. एफटीएस की राष्ट्रीय समन्वयक रासु जैन ने इंदौर चैप्टर को मिले 6 अवार्ड एवं 3 अन्य सम्मान के लिए बधाइयाँ दी. एकल युवा अध्यक्ष नीलम बाल्दी और सचिव दीपिका माहेश्वरी ने भी युवाओं की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया. गीता मूंदड़ा ने अधिक से अधिक लोगों को परिषद से जोड़ने का आह्वान किया.

### हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में महाआरती हुई. साथ ही श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ, जिसमे युवाओ की अधिक संख्या रही. समापन प्रसादी वितरण से हुआ.

### 1100 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, आस्था में डूबे श्रद्धालु

**महू.** शहर के सात रास्ता चौराहा स्थित काली माता मंदिर प्रांगण में श्रीरामा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति रामादल द्वारा 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का भव्य आयोजन किया गया. संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां भारती एवं श्रीराम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई. मुख्य अतिथि के रूप में पंच दशनाम जूना अखाड़ा से जुड़े सिद्ध बाबा श्याम गिरी, सवाई मठ दिल्ली दरबार के महंत रमन गिरी महाराज एवं गुरुजी 14 मढ़ी आनंद गिरी महाराज उपस्थित रहे. विशेष अतिथियों में विजय खंडेलवाल, योग गुरु इंदर सिंह भावरे, पं. रामबाबू शर्मा, ओमप्रकाश स्वामी, काली माता मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश वर्मा, सेविका चित्रा वर्मा एवं समाजसेवी तेजराम कंडारे सहित अनेक गणमान्यजन शामिल हुए. हनुमान चालीसा पाठ को सुमित शर्मा की भजन मंडली ने मधुर स्वर लहरियों में प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया. आयोजन को सफल बनाने में रामादल के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय समाजजनों का विशेष योगदान रहा, जिनमें सुमित जोशी, राज कुसुंबले, अमन नागे, कान्हा सोलंकी, मनीष शर्मा, बृजेश जोशी, रूपा सोलंकी आदि मौजूद रहे. संचालन युवा समाजसेवी सनी भारत बिलरवान ने किया. आभार भाजपा नगर उपाध्यक्ष अखिलेश ठाकुर ने माना.

### पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत, महू में मना जश्न

**महू.** प. बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया. शहर के कोतवाली चौक पर बड़ी संख्या में बीजेपी समर्थक जमा हुए और ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और झालमुड़ी बांटी. कोतवाली चौक भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा. राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने भी इस जश्न में शिरकत की. क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष ऋषभ सोलंकी, अमित जोशी, महेश बागड़ी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे. आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा, ताकि कोई अव्यवस्था न हो.

## अभिभाषक संघ को मिला फिर सशक्त नेतृत्व, राठौड़ बने संघ अध्यक्ष




**बड़नगर।** अभिभाषक संघ बड़नगर में आगामी सत्र 2026-2027 के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संघ कक्ष में किया गया। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ के कार्यकाल (2025-2026) की समीक्षा की गई। जिसमें उनके नेतृत्व, सक्रियता और संघ हित में किए गए कार्यों की सराहना की गई।

अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि करण रंजीत राठौड़ ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में संघ को नई दिशा देने के साथ-साथ अभिभाषकों के हितों की मजबूती से पैरवी की है। उनके कार्यों की सफलता को देखते हुए उन्हें आगामी सत्र 2026-2027 के लिए कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव का समर्थन मुकेश पंड्या, मथुरालाल यादव, नरेंद्र स्वर्णकार, दशरथ सिंह पंड्या, जहीर उद्दीन कुरैशी, हरीश शर्मा, सलीम मंसूरी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, शंकरलाल यादव, अजय झाला एवं राधेश्याम यादव सहित सभी सदस्यों ने एक स्वर में करण रंजीत राठौड़ के अध्यक्ष का कार्यकाल बढ़ाए जाने के नेतृत्व पर विश्वास जताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि करण रंजीत राठौड़ का कार्यकाल बढ़ाया जाए। इस निर्णय के साथ ही संघ में उत्साह का माहौल देखा गया और सभी सदस्यों ने उनके उज्ज्वल नेतृत्व में आगामी सत्र के सफल संचालन की उम्मीद जताई। अध्यक्ष पद पर कार्यकाल बढ़ाए जाने पर करण रंजीत राठौड़ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ के हितों की रक्षा, अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान और संगठन की गरिमा बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलनवाज खान ने दी।




## कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत महाविद्यालय टीम विद्यालयों में जाकर दे रही जानकारियां

**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान द्वितीय चरण की शुरुआत की गई।

महाविद्यालय के शिक्षक इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र के हायर सेकंडरी स्कूलों में महाविद्यालय से संबंधित कक्षाएं, कोर्स, छात्रवृत्ति सहित महाविद्यालय में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे है। 12वीं कक्षा के छात्रों को कॉलेज में अध्ययन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मंगलवार को महाविद्यालय के कॉलेज चलो अभियान प्रभारी डॉ. श्वेता भल्ला, सुनील गुजराती तथा डॉ. दयाराम मुझाल्दा ने शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया के प्रभारी प्राचार्य अनिल केन, अशीष दवे एवं अशोक पहाड़े से संपर्क कर प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की।

## धूल भरी आंधी के साथ तेज हवाएं चली, 1 घंटे से ज्यादा तक मचाई तबाही, टेंट तंबू उखड़े




**घट्टिया।** सोमवार को दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद आसमान में एकदम 7 बजे अचानक काले-काले बादल छाए और तेज हवाओं के साथ जमकर धूल भरी आंधी चली। जिससे अनेक मकान के चद्दर सहित अन्य सामान उड़ गया। कई पेड़ धराशाई हो गए वहीं हाट बाजार में सोमवार को लगने वाले बाजार में तेज हवाओं के कारण सब्जी दुकानों के शेड भी उड़ गए। 1 घंटे से ज्यादा समय तक चली धूल भरी आंधी में वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## चमनकुटी आश्रम में चादर विधि हवन के साथ पूर्ण



▶ मुख्यमंत्री के कार्यों की साधु-संतों ने की सराहना

**उज्जैन।** चिंतामण जवासिया स्थित चमनकुटी आश्रम में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन हवन एवं महंत चादर विधि के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा महाप्रसादी ग्रहण की।

समाजसेवी सजन चौधरी ने बताया कि ब्रह्मलीन चमन गिरी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर 1 मई को श्री खेड़ापति सरकार के विशेष पूजन एवं चोला श्रृंगार के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई थी। यह आयोजन 5 मई तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान प्रतिदिन शाम को सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समापन अवसर पर चमनकुटी आश्रम के महंत पुरुषोत्तम पुरी जी महाराज की चादर विधि दत्त अखाड़ा पीर गुरुजी सुंदर पूरी महराज के मार्गदर्शन से एवं सभी अखाड़ों के साधु-संतों द्वारा संपन्न कराई गई। इस दौरान साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं ने महंत का चादर व पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत पुरुषोत्तम पुरी महाराज ने चादर विधि के पश्चात कहा कि उन्हें मिली नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए वे साधु-संतों के हित में अखाड़ों के साथ मिलकर कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उज्जैन में विकास तेजी से हो रहा है। अंत में सभी साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आश्रम समिति ने साधु-संतों का सम्मान कर उन्हें दक्षिणा भेंट की गई।

इस मौके पर जगदीश्वरानंद डंडी मठ, प्रेम गिरी महाराज अटल अखाड़ा, सुरेशानंद निरंजनी अखाड़ा, समुद्र गिरी महाराज आनंद अखाड़ा, देवगिरी महाराज आहवान अखाड़ा, लाल बाबा अग्नि अखाड़ा, वीरेन चौधरी, अजय चौधरी, आदि साधु संत एवं आश्रम पर सेवा देने वाले लोग उपस्थित थे।

**एक नजर** | **जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी**

## महात्मा ज्योतिबा फुले द्विशताब्दी वर्ष पर हुआ राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

**उज्जैन। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एकता मंच एवं अखिल भारतीय महासंघ के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कालिदास अकादमी में राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। अखिल भारतीय माली समाज, उज्जैन द्वारा आयोजित इस सेमिनार में समाज की एकजुटता और राजनीतिक हिस्सेदारी पर विशेष जोर दिया गया।**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी थे तथा अध्यक्षता कैलाश बाघेला ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के पूर्व मंत्री सचिन यादव उपस्थित रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा माली समाज की पुस्तिका वनमाली का विमोचन भी किया गया।

**एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन का आव्हान:** मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सचिन यादव ने पिछड़े वर्ग की एकता पर बल देते हुए कहा कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी ही हिस्सेदारी के सिद्धांत पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आव्हान किया कि राजनीतिक पिछड़ापन दूर करने के लिए माली समाज की सभी शाखाओं को एकजुट होकर शक्ति प्रदर्शन करना चाहिए।

**विभिन्न राज्यों से आए अतिथियों ने किया संबोधित:** सम्मेलन में राजस्थान के कोटा से आई सीता भाटी ने सामाजिक एकता पर बल दिया। बिहार के बबलू मालाकार, हरियाणा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सैनी, सतना विधायक सुखलाल कुशवाह और बुरहानपुर से आए विशेष अतिथि हर्षराज देवड़ा ने भी वक्ता के रूप में सभा को संबोधित किया। मंचासीन अतिथियों में सुरेंद्र सांखला और रमेश मौर्य भी शामिल रहे।

**शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मान:** मुख्य अतिथि डॉ. रवि सोलंकी का स्वागत गुजराती सैनी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण परमार, धर्मशाला अध्यक्ष आनंदीलाल सोलंकी और क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज के अध्यक्ष मोती भाटी सेठ ने किया। समाजसेवी प्रदीप भाटी एवं सुरेश सोनगरा ने अतिथियों को महात्मा ज्योतिबा फुले दंपत्ति और भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल से भी सम्मान किया गया।

### ▶ इन्होंने किया अतिथियों का स्वागत

मुख्य वक्ता सचिन यादव का स्वागत चेतन यादव, मोती भाटी, देवदास यादव, पार्षद प्रेमलता रामी, गीता रामी और कुन्दन माली ने किया। पूर्व मंत्री का स्वागत शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी और ओम भारद्वाज ने भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों का स्वागत समाजसेवी गोपाल बागर, गजानंद रामी, ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष प्रदीप भाटी, कैलाश पटेल, नारायण जागीरदार और लीलाधर ने किया। संचालन विकास किशोर भाटी एवं विनोद मकवाना ने किया। अंत में आभार जिला उपाध्यक्ष महेश जादम और कुन्दन माली ने माना।